Exam Date	02/03/2025
Centre Name	
Exam Time	9:00 AM - 10:30 AM

*** Note**
Correct Answer will carry 1 mark per Question.
Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.

1. Options shown in green color with a tick icon are correct.
2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.

Section : **Arithmetic**

Q.1 6 cm व्यास वाले एक ठोस गोले को पिघलाया जाता है और फिर उसे 0.3 cm त्रिज्या वाले बेलनाकार तार में ढाला जाता है। तार की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 3 m
✗ 2. 65 cm
✓ 3. 4 m
✗ 4. 50 cm

Q.2 55 km/h की चाल से चलने वाली एक बस, 8 घंटे में एक यात्रा पूरी करती है। 20 घंटे में समान दूरी तय करने के लिए, बस को किस चाल से यात्रा करनी होगी?

Ans
✗ 1. 15 km/h
✗ 2. 30 km/h
✗ 3. 32 km/h
✓ 4. 22 km/h

Q.3 $\left(\frac{1}{7}\right)^{-4} + \left(\frac{1}{9}\right)^{-4} + \left(\frac{1}{5}\right)^{-4}$. का मान ज्ञात करें।

Ans
✓ 1. 9587
✗ 2. 9584
✗ 3. 9578
✗ 4. 9596

Q.4 एक 120 m लंबी रेलगाड़ी विपरीत दिशा में 8.5 km/h की चाल से चल रहे एक व्यक्ति को 12 सेकंड में पार करती है। रेलगाड़ी की चाल (km/h में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 23.3
✓ 2. 27.5
✗ 3. 29.1
✗ 4. 31.5

Q.5 यदि ब्याज अर्धवार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो ₹72,000 की राशि पर 9% की वार्षिक दर से 18 महीनों में प्राप्त होने वाला चक्रवृद्धि ब्याज (निकटतम ₹ तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹10,361
✗ 2. ₹10,557
✗ 3. ₹10,475
✓ 4. ₹10,164

Q.6 पिछले वर्ष एक टीवी का मूल्य ₹55,000 था और इस वर्ष यह मूल्य ₹42,500 है। मूल्य में प्रतिशत कमी ज्ञात कीजिए। (दशमलव के दो स्थान तक)

Ans
✗ 1. 72.23%
✗ 2. 25.42%
✓ 3. 22.73%
✗ 4. 15.50%

Q.7 वह सबसे छोटी संख्या ज्ञात कीजिए जिसे 36, 45 और 54 से विभाजित करने पर प्रत्येक स्थिति में शेषफल 3 प्राप्त हो।

Ans
✗ 1. 547
✗ 2. 537
✓ 3. 543
✗ 4. 529

Q.8 एक समबाहु त्रिभुज ABC का परिमाप 10.2 cm है। त्रिभुज का क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $28.9\sqrt{3}\ \text{cm}^2$
✓ 2. $2.89\sqrt{3}\ \text{cm}^2$
✗ 3. $18.9\sqrt{3}\ \text{cm}^2$
✗ 4. $1.89\sqrt{3}\ \text{cm}^2$

Q.9 रवि ने एक कैमरा खरीदा और इसकी मूल कीमत से 18% कम भुगतान किया। उसने इसे भुगतान की गई कीमत से 30% लाभ पर बेचा। रवि को मूल कीमत पर कितना प्रतिशत लाभ प्राप्त हुआ?

Ans
✗ 1. 6.2%
✓ 2. 6.6%
✗ 3. 5.7%
✗ 4. 5.9%

Q.10 दो संख्याओं का अंतर उनके योगफल का $\frac{1}{5}$ है, और उनका योगफल 45 है। उनका ल.स.प. ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 36
✗ 2. 45
✗ 3. 27
✓ 4. 54

Q.11 पाँच संख्याओं का योग 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 76 है और तीसरी संख्या 110 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए?

Ans
✓ 1. 196.5
✗ 2. 187
✗ 3. 186
✗ 4. 197.5

www.qp.in

Q.12 दो पाइप A और C एक टैंक को क्रमशः 10 घंटे और 15 घंटे में भर सकते हैं। यदि पाइप A हर समय खुला रहता है और C को केवल 30 मिनट के लिए खोला जाता है, तो टैंक को भरने में लगने वाला समय ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. $8\frac{4}{3}$ घंटे
✗ 2. $9\frac{1}{3}$ घंटे
✗ 3. $8\frac{2}{3}$ घंटे
✓ 4. $9\frac{2}{3}$ घंटे

Q.13 अभय और भरत किसी निश्चित कार्य को क्रमशः 9 और 11 दिनों में पूरा कर सकते हैं। उन्होंने साथ मिलकर कार्य करना शुरू किया और 3 दिनों के बाद, भरत ने कार्य छोड़ दिया। अभय शेष कार्य को कितने दिनों में पूरा करेगा?

Ans
✗ 1. $\frac{116}{34}$
✗ 2. $\frac{115}{33}$
✗ 3. $\frac{117}{35}$
✓ 4. $\frac{117}{33}$

Q.14 ₹165 की राशि को तीन व्यक्तियों के बीच 5 : 7 : 3 के अनुपात में वितरित किया जाता है। वितरण में सबसे बड़े और सबसे छोटे हिस्से के बीच का अंतर (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 130
✗ 2. 11
✗ 3. 139
✓ 4. 44

Q.15 ₹4,800 की राशि वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाली कितनी ब्याज दर पर 2 वर्षों में ₹5,043 हो जाएगी?

Ans
✗ 1. 5%
✗ 2. 3%
✗ 3. 2.0%
✓ 4. 2.5%

Q.16 हल कीजिए: 41 - [36 - {48 ÷ 2 - (4 - 8 ÷ 2) ÷ 3}]

Ans
✗ 1. 31
✓ 2. 29
✗ 3. 30
✗ 4. 28

Q.17 एक थोक व्यापारी ₹25,000 का माल खरीदता है। निर्माता उसे 10% की व्यापार छूट और 5% की अतिरिक्त योजना छूट प्रदान करता है। दोनों छूट के बाद माल का निवल मूल्य (net price) ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. ₹22,375
✗ 2. ₹21,275
✗ 3. ₹21,365
✓ 4. ₹21,375

Q.18 प्रथम 111 सम संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 113
✗ 2. 112.5
✗ 3. 111.5
✓ 4. 112

Q.19 प्रेम ने रिया को 20% लाभ पर एक वस्तु बेची। रिया ने उस वस्तु को वापस प्रेम को 20% हानि पर बेच दिया। इस लेन-देन में ___________।

Ans
✓ 1. प्रेम को 25% का लाभ हुआ
✗ 2. प्रेम को 12% का लाभ हुआ
✗ 3. रिया को 12% की हानि हुई
✗ 4. रिया को 24% का लाभ हुआ

Q.20 दो बैंक A और B क्रमशः 3.5% और 6% वार्षिक दर पर ऋण देते हैं। डेविड, प्रत्येक बैंक से ₹360000 की राशि उधार लेता है। 3 वर्ष बाद डेविड द्वारा दोनों बैंकों को भुगतान की गई साधारण ब्याज की राशियों के बीच धनात्मक अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 26500
✗ 2. 28500
✓ 3. 27000
✗ 4. 28000

Q.21 10 संख्याओं का योगफल 276 है। उनका औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
✗ 1. 25.6
✓ 2. 27.6
✗ 3. 28.6
✗ 4. 26.6

Q.22 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans
✗ 1. यदि किसी संख्या के अंकों का योगफल क्रमशः 3 या 9 से विभाज्य है, तो वह संख्या 3 या 9 से विभाज्य होगी।
✗ 2. यदि किसी संख्या के इकाई स्थान का अंक 5 या 0 है, तो वह संख्या 5 से विभाज्य होगी।
✓ 3. यदि किसी संख्या के अंकों का योगफल 11 से विभाज्य है, तो वह संख्या 11 से विभाज्य होगी।
✗ 4. यदि किसी संख्या के अंकों का योगफल 3 से विभाज्य है और इकाई स्थान का अंक सम अंक है, तो वह संख्या 6 से विभाज्य होगी।

Q.23 एक पाइप एक टंकी को 6 घंटे में भर सकता है। दूसरा पाइप भरी हुई टंकी को 30 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, तो टंकी का दो-तिहाई भाग भरने में कितना समय (घंटे में) लगेगा?

Ans
✗ 1. 10
✓ 2. 5
✗ 3. 20
✗ 4. 15

Q.24 पिंकी ने ₹14 प्रत्येक की दर से 25 किताबें, ₹7 प्रत्येक की दर से 40 पेन और ₹6 प्रत्येक की दर से 15 पेंसिलें खरीदीं। स्टेशनरी के सभी सामानों की औसत कीमत (₹ में) की गणना कीजिए।

Ans
✓ 1. 9
✗ 2. 7
✗ 3. 6
✗ 4. 8

Q.25 एक दौड़ में, एक एथलीट पहले चक्कर में 366 m की दूरी 61 सेकंड में तय करता है। वह समान लंबाई का दूसरा चक्कर 183 सेकंड में तय करता है। एथलीट की औसत चाल (m/s में) ज्ञात कीजिए।

Ans

- ✗ 1. 11
- ✗ 2. 10
- ✓ 3. 3
- ✗ 4. 8

Q.26 निम्नलिखित में कौन-सा सबसे छोटा भिन्न है?

Ans

- ✗ 1. $\frac{24}{35}$
- ✓ 2. $\frac{17}{25}$
- ✗ 3. $\frac{11}{16}$
- ✗ 4. $\frac{31}{45}$

Q.27 मान ज्ञात करें:

$$6^3 - 5^2 + \left(\frac{24}{3}\right)^2 - 2 + 6 \times 1 = _____$$

Ans

- ✗ 1. 261
- ✓ 2. 259
- ✗ 3. 265
- ✗ 4. 264

Q.28 250 m लंबी एक ट्रेन, 7 km/h की चाल से चल रहे (समान दिशा में) एक व्यक्ति को 36 सेकंड में पार करती है। यह ट्रेन 82 km/h की चाल से विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य 415 m लंबी ट्रेन को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (सेकंड में) लेगी?

Ans

- ✗ 1. 17
- ✓ 2. 21
- ✗ 3. 31
- ✗ 4. 30

Q.29 दो मित्रों अमित और गोपाल की मासिक आय क्रमशः 5:7 के अनुपात में है और इनमें से प्रत्येक ₹72000 प्रति माह बचाता है। यदि इनके मासिक व्यय का अनुपात 2 : 3 है, तो अमित की मासिक आय (₹ में) ज्ञात करें।

Ans

- ✗ 1. 361000
- ✗ 2. 359000
- ✗ 3. 504000
- ✓ 4. 360000

Q.30 निम्नलिखित में से कौन-सी संख्या सबसे बड़ी है?

Ans

- ✗ 1. 0.7
- ✗ 2. $0.0\overline{7}$
- ✓ 3. $0.\overline{7}$
- ✗ 4. $0.\overline{07}$

Q.31 एक संख्या में 50 % की वृद्धि करने पर 2490 प्राप्त होता है। वह संख्या ________ है।

Ans
1. 3320
2. 830
3. 4980
4. 1660 ✔

Q.32 एक विद्यालय में 4182 विद्यार्थी हैं तथा विद्यालय में लड़कों और लड़कियों का अनुपात 23 : 28 है, तो विद्यालय में लड़कों की संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 1890
2. 1886 ✔
3. 1903
4. 1867

Q.33 एक घन का आयतन 6,58,503 cm^3 है। इसकी भुजा की लंबाई का दोगुना (cm में) कितना होगा?

Ans
1. 86
2. 166
3. 84
4. 174 ✔

Q.34 यदि 8% और 9% की दो क्रमिक छूट दी जाती हैं, तो कुल छूट प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 15.28%
2. 18.28%
3. 20.28%
4. 16.28% ✔

Q.35 पाँच संख्याओं का योगफल 655 है। पहली दो संख्याओं का औसत 78 है और तीसरी संख्या 104 है। शेष दो संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 197.5 ✔
2. 198.5
3. 183
4. 182

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'CAGE' को '4982' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'GAIN' को '7418' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'NILE' को '3179' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'L' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 9
2. 7
3. 3 ✔
4. 1

Q.37 सात व्यक्ति, A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। D और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। केवल C, F के दाएं बैठा है। B और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, A के दाएं किसी स्थान पर लेकिन G के बाएं किसी स्थान पर बैठा है। A और B के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 2
2. 4
3. 3
4. 1 ✔

Q.38 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

PZN, MXJ, JVF, GTB,?

Ans
1. DQX
2. DRD
3. DRX ✔
4. DRC

Q.39 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'KIND' को '2861' के रूप में कूटबद्ध किया गया है, 'SAND' को '9658' के रूप में कूटबद्ध किया गया है और 'SICK' को '7932' के रूप में कूटबद्ध किया गया है। दी गई कूट भाषा में 'A' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 6
2. 5 ✔
3. 9
4. 8

Q.40 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
सभी वफ़ल, धनिया हैं।
सभी फोम, धनिया हैं।
निष्कर्ष:
(I): कुछ वफ़ल, फोम हैं।
(II): कुछ धनिया, फोम हैं।

Ans
1. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।
2. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। ✔
4. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

Q.41 यदि '2' और '5' को आपस में बदल दिया जाए तथा '9' और '3' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
2 – 12 ÷ 9 × 3 + 5 =?

Ans
1. -19
2. 3
3. -11
4. -29 ✔

Q.42 एक निश्चित कूट भाषा में, 'cakes are delicious' को 'su do ku' लिखा जाता है और 'I like cakes' को 'mu su ru' लिखा जाता है। दी गई कूट भाषा में 'cakes' को किस प्रकार कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. mu
2. ru
3. su ✔
4. ku

Q.43 यदि निम्नलिखित समीकरण में '+' और '÷' को तथा '×' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए, तो प्रश्न चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
15 ÷ 27 x 14 + 7 - 10 = ?

Ans
1. 32
2. 42
3. 12
4. 22 ✔

Q.44 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, एक निश्चित तरीके से QTUY का संबंध WZAE से है। उसी तरह, WZAE का संबंध CFGK से है। समान तर्क का पालन करते हुए, दिए गए विकल्पों में से ILMQ का संबंध किससे है?

Ans
1. ORRW
2. OSRT
3. OQRW
4. ORSW

Q.45 सात व्यक्ति, E, F, G, H, X, Y और Z, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। G के बाईं ओर केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। G और X के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। X और Z के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। E, H के ठीक बाईं ओर पड़ोस में बैठा है। Y, X का निकटतम पड़ोसी नहीं है। F के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. तीन
2. चार
3. एक
4. दो

Q.46 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

22 32 43 55 68 ?

Ans
1. 82
2. 92
3. 102
4. 72

Q.47 A, F, J, K, P और Q एक ही इमारत की छह अलग-अलग मंजिलों पर रहते हैं। इमारत में सबसे निचली मंजिल की संख्या 1 है, उसके ऊपर की मंजिल की संख्या 2 है और इसी क्रम में ऊपर बढ़ते हुए सबसे ऊपरी मंजिल की संख्या 6 है। K, P के ठीक ऊपर रहता है। F और P के बीच में केवल दो व्यक्ति रहते हैं। F, P के नीचे किसी विषम संख्या वाली मंजिल पर रहता है। Q, J के ठीक ऊपर रहता है। A के नीचे कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
1. दो
2. एक
3. पांच
4. चार

Q.48 एक निश्चित कूट भाषा में,

A + B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'

A – B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

A X B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'

A / B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'

A > B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'

A * B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'

यदि K – L – J X P * T है, तो K का J से क्या संबंध है?

Ans
1. भाई
2. पुत्र
3. पिता का पिता
4. पिता

Q.49 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

47 56 74 101 137 ? 236

Ans
1. 186
2. 180
3. 184
4. 182

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। इनमें से कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. WB:DI
2. DI:KQ
3. TY:AF
4. MR:TY

Q.51 यदि '4' और '5' को आपस में बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
20 ÷ 4 + 5 × 10 = ?

Ans
1. 44
2. 100
3. 55
4. 80

Q.52 निम्नलिखित संख्या-युग्मों में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रियाएँ करके दूसरी संख्या प्राप्त की जाती है। उस समुच्चय का चयन कीजिए जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार दिए गए समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 को लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करना अनुमत नहीं है।)
11 - 121
1 - 1

Ans
1. 2 - 8
2. 4 - 64
3. 14 - 169
4. 9 - 81

Q.53 यदि दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार MN पर रखा जाता है, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।



Ans

✗ 1. 

✗ 2.

✓ 3.

✗ 4.

Q.54 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। आपको दिए गए कथनों को सत्य मानना है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों। आपको यह तय करना है कि कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष दिए गए कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
सभी शर्टें, जींस हैं।
सभी जींस, टाई हैं।
कोई भी टाई, घड़ी नहीं है।

निष्कर्ष:
I: सभी शर्टें, टाई हैं।
II: कोई भी जींस, घड़ी नहीं है।

Ans

✗ 1. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है।

✗ 2. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है।

✓ 3. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं।

✗ 4. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है।

Q.55 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

150 132 112 90 66 ?

Ans

✗ 1. 30

✗ 2. 50

✗ 3. 20

✓ 4. 40

Q.56 यह प्रश्न नीचे दी गई पाँच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 482 254 371 273 463 (दाएं)

(उदाहरण- 697 - पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
(नोट: सभी संक्रियाएं बाएं से दाएं की जानी हैं।)

यदि सबसे बड़ी संख्या के तीसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✔ 1. 7
✘ 2. 9
✘ 3. 6
✘ 4. 8

Q.57 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजन/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✘ 1. KQM
✘ 2. NTP
✘ 3. QWS
✔ 4. TZU

Q.58 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए दो युग्मों के सेट के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
JIM : HKI
DCJ : BEF

Ans
✘ 1. VEF : THB
✘ 2. OBL : MEH
✔ 3. OHW : MJS
✘ 4. QGT : OIW

Q.59 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में '?' के स्थान पर क्या आना चाहिए?

MOR KMP IKN GIL ?

Ans
✔ 1. EGJ
✘ 2. EHK
✘ 3. EHJ
✘ 4. EGK

Q.60 उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता हो। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MVR : NWS
DWE : EXF

Ans
✘ 1. WCH : XDL
✘ 2. BSI : DGY
✘ 3. GTR : HLO
✔ 4. OLS : PMT

Q.61 वार्षिक स्कूल परेड में विद्यार्थियों की एक पंक्ति में, आदर्श दाएँ छोर से 8वें स्थान पर खड़ा है और बाएँ छोर से 15वें स्थान पर खड़ा है। परेड पंक्ति में कितने विद्यार्थी हैं?

Ans
✘ 1. 21
✔ 2. 22
✘ 3. 24
✘ 4. 23

Q.62 जीवन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और उत्तर की ओर 2 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 5 km ड्राइव करता है, बाएं मुड़ता है और 3 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 1 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans

✗ 1. 2 km पश्चिम की ओर

✗ 2. 4 km पूर्व की ओर

✓ 3. 1 km पश्चिम की ओर

✗ 4. 3 km पूर्व की ओर

Q.63 निम्नलिखित श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। (सभी संख्याएँ केवल एक अंकीय संख्याएँ हैं)
(बाएं) 5 6 9 7 4 5 3 7 8 3 4 2 1 5 7 9 8 1 2 3 4 3 6 2 1 5 7 (दाएं)
ऐसे कितने विषम अंक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक सम अंक है तथा ठीक बाद एक विषम अंक भी है?

Ans

✓ 1. 2

✗ 2. 1

✗ 3. 4

✗ 4. 3

Q.64 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।
कथन:
कुछ नाशपाती, मोमबत्ती हैं।
सभी फोम, मोमबत्ती हैं।
निष्कर्ष:
(I): कुछ नाशपाती, फोम हैं।
(II): सभी मोमबत्ती, फोम हैं।

Ans

✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

✗ 2. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।

✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।

✓ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.65 सूरज बिंदु A से गाड़ी चलाना प्रारंभ करता है और उत्तर की ओर 6 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 5 km गाड़ी चलाता है, दाएँ मुड़ता है और 9 km गाड़ी चलाता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 11 km गाड़ी चलाता है। वह अंतिम बार दाएँ मुड़ता है और 3 km गाड़ी चलाता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में गाड़ी चलानी चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans

✗ 1. 5 km पूर्व की ओर

✗ 2. 6 km पश्चिम की ओर

✗ 3. 5 km पश्चिम की ओर

✓ 4. 6 km पूर्व की ओर

Q.66 निम्नलिखित में से कौन-सा पद दी गई श्रृंखला को तार्किक रूप से पूर्ण बनाने के लिए प्रश्न-चिह्न (?) को प्रतिस्थापित करेगा?

TBL 29, YYQ 26, DVV 23, ISA 20, ?

Ans

✓ 1. NPF 17

✗ 2. DVP 19

✗ 3. NVF 19

✗ 4. DPV 17

Q.67 यह प्रश्न नीचे दी गई पांच, तीन-अंकीय संख्याओं पर आधारित है।

(बाएं) 325 846 483 215 468 (दाएं)
(उदाहरण- 697 – पहला अंक = 6, दूसरा अंक = 9 और तीसरा अंक = 7)
नोट - सभी संक्रियाएँ बाएं से दाएं की जानी चाहिए।

यदि सबसे बड़ी संख्या के दूसरे अंक को सबसे छोटी संख्या के दूसरे अंक में जोड़ा जाए, तो परिणाम क्या होगा?

Ans
✗ 1. 3
✗ 2. 7
✓ 3. 5
✗ 4. 9

Q.68 एक निश्चित कूट भाषा में,
A * B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A ? B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'
A : B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'
A = B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
उपरोक्त के आधार पर, यदि 'M : A = R * K ? E' है, तो M का E से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. पिता की बहन की बहन
✗ 2. पिता की माता का पुत्र
✓ 3. पिता के भाई का पुत्र
✗ 4. पिता के पुत्र का भाई

Q.69 सात मित्र C, D, E, P, Q, R और S, उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। Q के दाएं केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। P के दाएं केवल C बैठा है। P और E के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D, R के बाएं किसी स्थान पर लेकिन S के दाएं किसी स्थान पर बैठा है। S और R के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✓ 1. तीन
✗ 2. एक
✗ 3. एक भी नहीं
✗ 4. दो

Q.70 दर्पण को नीचे दर्शाए अनुसार 'MN' पर रखे जाने पर दिए गए संयोजन के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।



Ans
✗ 1. 
✗ 2.
✗ 3.
✓ 4. 

Section : **General Awareness**

Q.71 औद्योगिक क्षेत्र में उदारीकरण का एक प्रभाव क्या है?

Ans
✗ 1. रोजगार के कम अवसर
✗ 2. आयात करों में वृद्धि
✗ 3. सरकार का पूर्ण नियंत्रण
✓ 4. प्रतिस्पर्धा में वृद्धि

Q.72 मुंबई पर्यटन और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम (MTDC) द्वारा प्रति वर्ष किस माह में 'एलीफेंटा महोत्सव' का आयोजन किया जाता है?

Ans
1. अगस्त
2. जुलाई
3. फरवरी ✔
4. जनवरी

Q.73 कौन-सा त्योहार भगवान जगन्नाथ की पूजा के लिए समर्पित है?

Ans
1. दीपावली
2. बसंत पंचमी
3. शिवरात्रि
4. रथयात्रा ✔

Q.74 8 अगस्त 1942 को अखिल-भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्रिटिश शासन की तत्काल समाप्ति की मांग करते हुए पारित प्रस्ताव किस स्थान पर घोषित किया गया था?

Ans
1. नागपुर
2. अहमदाबाद
3. अमृतसर
4. बॉम्बे ✔

Q.75 सितंबर 1962 से 30 अक्टूबर 2024 तक भारत में औसत (माध्य) नकद आरक्षित अनुपात (CRR) कितना था?

Ans
1. 3.000%
2. 4.500%
3. 4.200%
4. 4.000% ✔

Q.76 भारतीय संविधान के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव कौन कराता है?

Ans
1. भारत की संसद
2. भारत का निर्वाचन आयोग ✔
3. सभी राज्यों की विधान सभाएं
4. सभी राज्यों की विधान परिषद्

Q.77 1991 में किस वित्त मंत्री ने सुधारों की एक श्रृंखला शुरू की जिसने भारतीय अर्थव्यवस्था को मुक्त किया और देश को मजबूत विकास पथ पर आगे बढ़ाया?

Ans
1. चंद्र शेखर
2. पी चिदंबरम
3. यशवंत सिन्हा
4. मनमोहन सिंह ✔

Q.78 प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के बाद अंग्रेजों ने दिल्ली पर पुनः कब्जा कब किया?

Ans
1. सितंबर 1859
2. सितंबर 1857 ✔
3. सितंबर 1858
4. सितंबर 1860

Q.79 कौशल और नौकरी की अपेक्षाओं के बीच असंगतता होने पर किस प्रकार की बेरोजगारी उत्पन्न होती है?

Ans
1. चक्रीय ✗
2. संघर्षात्मक ✗
3. मौसमी ✗
4. संरचनात्मक ✓

Q.80 'मणिपुर संगाई महोत्सव', जिसका नाम इस राज्य के राजकीय पशु संगाई के नाम पर रखा गया है, की शुरुआत किस वर्ष से हुई थी?

Ans
1. 2020 ✗
2. 2010 ✓
3. 2015 ✗
4. 2005 ✗

Q.81 केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय एकता दिवस के तहत, किस दिन नई दिल्ली में 'एकता दौड़ (Run for Unity)' कार्यक्रम का उद्घाटन किया?

Ans
1. 21 अक्टूबर 2024 ✗
2. 25 अक्टूबर 2024 ✗
3. 29 अक्टूबर 2024 ✓
4. 31 अक्टूबर 2024 ✗

Q.82 IIT मद्रास UAE के किस शहर में वर्ष 2025 के प्रारम्भ में अनुसंधान, नवाचार और उद्यमिता के लिए अपना पहला अंतरराष्ट्रीय प्रमुख केंद्र शुरू करने की तैयारी कर रहा है?

Ans
1. दुबई ✓
2. फुजैरा ✗
3. आबू धाबी ✗
4. शारजाह ✗

Q.83 वृत्ताकार पथ पर गतिमान कण के रैखिक वेग को स्थिर रखते हुए, जैसे-जैसे वृत्ताकार पथ की त्रिज्या घटती है, अभिकेन्द्रीय त्वरण ________________।

Ans
1. शुरू में घटता है और फिर बढ़ता है ✗
2. घटता जाता है ✗
3. अपरिवर्तित रहता है ✗
4. बढ़ता जाता है ✓

Q.84 1857 में, प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान नाना साहिब की विद्रोही सेना को पराजित करने वाले ब्रिटिश अधिकारियों में से एक कौन था?

Ans
1. हेनरी लॉरेंस (Henry Lawrence) ✗
2. जनरल ह्यूग रोज़ (General Hugh Rose) ✗
3. मेजर जनरल हैवलॉक (Major General Havelock) ✓
4. जॉन निकोलसन (John Nicholson) ✗

Q.85 भारत में कौन-सी एजेंसी, पंचवर्षीय योजनाएं तैयार करने के लिए जिम्मेदार है?

Ans
1. राष्ट्रीय विकास परिषद ✗
2. भारतीय रिजर्व बैंक ✗
3. योजना आयोग (2014 तक) ✓
4. वित्त मंत्रालय ✗

Q.86 10^{-9} m = _____ Å होता है।

Ans
✔ 1. 10
✘ 2. 1
✘ 3. 100
✘ 4. 0.1

Q.87 भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल कितना होता है?

Ans
✘ 1. 5 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो
✘ 2. 6 वर्ष या 70 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो
✔ 3. 6 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो
✘ 4. 5 वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो

Q.88 21 सितंबर 2024 को, विलमिंगटन, डेलावेयर में राष्ट्रपति जोसेफ आर. बाइडेन, जूनियर ने चौथे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन की मेज़बानी की। शिखर सम्मेलन के दौरान चर्चा की गई क्वाड की पहलों में निम्नलिखित में से कौन-सा क्षेत्र फोकस नहीं था?

Ans
✘ 1. समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना
✔ 2. सैन्य रक्षा सहयोग
✘ 3. साइबर सुरक्षा विकास
✘ 4. जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया

Q.89 ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों का विकास (DWCRA) कार्यक्रम वर्ष __________ में आरंभ किया गया था।

Ans
✘ 1. 1985
✔ 2. 1982
✘ 3. 1981
✘ 4. 1980

Q.90 प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका के लिए जाने जाने वाले किस प्रमुख भारतीय अर्थशास्त्री का 1 नवंबर 2024 को 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया?

Ans
✘ 1. रघुराम राजन
✔ 2. बिबेक देबरॉय
✘ 3. मनमोहन सिंह
✘ 4. सी रंगराजन

Q.91 मौर्य काल के दौरान निम्नलिखित में से किस अधिकारी को आकराध्यक्ष (Akaradhyaksha) के नाम से जाना जाता था?

Ans
✘ 1. बाजार के अधीक्षक
✘ 2. कृषि के प्रभारी अधिकारी
✘ 3. लोहे के अधीक्षक
✔ 4. खानों के अधीक्षक

Q.92 मालवा पठार _______ नदी के उत्तर में स्थित है।

Ans
✘ 1. सोन
✘ 2. लूनी
✔ 3. नर्मदा
✘ 4. ब्यास

Q.93 जिन क्षेत्रों में बच्चों का विकास होता है, वे __________ हैं।
1. शारीरिक
2. मनोवैज्ञानिक
3. सामाजिक सांस्कृतिक
4. लैंगिक

Ans
- ✗ 1. केवल 1, 2 और 3
- ✓ 2. केवल 1, 2 और 4
- ✗ 3. 1, 2, 3 और 4
- ✗ 4. केवल 2, 3 और 4

Q.94 वर्तमान में, उन्नत विशेषकों और लोचशीलता वाली फसलों को विकसित करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी उन्नत आण्विक विधि का उपयोग किया जाता है?

Ans
- ✗ 1. संकर बीज प्रौद्योगिकी
- ✗ 2. प्राकृतिक वरण
- ✓ 3. CRISPR-Cas9 जीन एडिटिंग
- ✗ 4. कृत्रिम परागण

Q.95 अगस्त 2024 में, निम्नलिखित में से किन देशों ने द्विपक्षीय सीमा शुल्क सहयोग व्यवस्था समझौते पर हस्ताक्षर किए थे?

Ans
- ✗ 1. सिंगापुर और न्यूज़ीलैंड
- ✓ 2. भारत और न्यूज़ीलैंड
- ✗ 3. न्यूज़ीलैंड और भूटान
- ✗ 4. भारत और सिंगापुर

Q.96 जब कपास और रबर को एक साथ रगड़ा जाता है, तो निम्नलिखित में से क्या परिणाम होगा?

Ans
- ✗ 1. कपास और रबर धनात्मक रूप से आवेशित होंगे।
- ✓ 2. कपास धनात्मक रूप से आवेशित होगा और रबर ऋणात्मक रूप से आवेशित होगा।
- ✗ 3. रबर धनात्मक रूप से आवेशित होगा और कपास ऋणात्मक रूप से आवेशित होगा।
- ✗ 4. कपास और रबर ऋणात्मक रूप से आवेशित होंगे।

Q.97 22 अक्टूबर 2024 को, रिज़र्व बैंक ने कितनी और संस्थाओं को शामिल करके अनधिकृत फोरेक्स ट्रेडिंग प्लेटफार्मों (forex trading platforms) की अपनी 'अलर्ट सूची (alert list)' को अपडेट किया?

Ans
- ✓ 1. 13
- ✗ 2. 11
- ✗ 3. 16
- ✗ 4. 9

Q.98 स्वर्ण सिंह समिति की संस्तुति ने भारतीय संविधान में निम्नलिखित में से किसे जोड़ा?

Ans
- ✗ 1. राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
- ✓ 2. मौलिक कर्तव्य
- ✗ 3. उद्देशिका
- ✗ 4. मौलिक अधिकार

Q.99 मध्य प्रदेश में काट और दहन कृषि को __________ के नाम से जाना जाता है।

Ans
- ✓ 1. दहिया (Dahiya)
- ✗ 2. पामा डाबी (Pama Dabi)
- ✗ 3. कोमान (Koman)
- ✗ 4. ब्रिंगा (Bringa)

Q.100	कार्नो चक्र का तीसरा चरण ____________________ है।
Ans	✗ 1. उत्क्रमणीय रुद्धोष्म प्रसार ✓ 2. उत्क्रमणीय समतापी संपीडन ✗ 3. उत्क्रमणीय समतापी प्रसार ✗ 4. उत्क्रमणीय रुद्धोष्म संपीडन

Q.101	भारतीय हस्तशिल्प पर ब्रिटिश नीतियों का प्रमुख प्रभाव क्या था?
Ans	✗ 1. उन्नतशील निर्यात बाजार ✗ 2. परंपरागत शिल्प का आधुनिकीकरण ✗ 3. स्वदेशी उद्योगों को समर्थन ✓ 4. ब्रिटिश वस्तुओं से प्रतिस्पर्धा के कारण गिरावट

Q.102	शिक्षा के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में शामिल करने के लिए, संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में संशोधन किया गया?
Ans	✓ 1. अनुच्छेद 21 ✗ 2. अनुच्छेद 19 ✗ 3. अनुच्छेद 18 ✗ 4. अनुच्छेद 30

Q.103	निम्नलिखित में से कौन-सा पर्वतीय दर्रा भारत को चीन से जोड़ता है?
Ans	✗ 1. रोहतांग दर्रा ✗ 2. ज़ोजी ला ✗ 3. थाल घाट ✓ 4. नाथुला

Q.104	सूची I के मदों को सूची II के मदों से सुमेलित कीजिए, तथा नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही उत्तर का चयन कीजिए। सूची I (हाथी कॉरिडोर) सूची II (राज्य) (1) खुंडाखुवा में दुरपोंग-दोईमुख (Durpong-Doimukh) (A) आंध्र प्रदेश (2) देउसुर कॉरिडोर (Deosur Corridor) (B) असम (3) जमुई-झाझा-चकाई (Jamui- Jhajha- Chakayi) (C) बिहार (4) नागधारा-बरौद (Nagdhara-Baraud) (D) छत्तीसगढ़
Ans	✗ 1. 1-(B), 2-(A), 3-(C), 4-(D) ✗ 2. 1-(A), 2-(B), 3-(D), 4-(C) ✗ 3. 1-(D), 2-(B), 3-(C), 4-(A) ✓ 4. 1-(A), 2-(B), 3-(C), 4-(D)

Q.105	गन्ना विकास निदेशालय के अनुसार 2023-24 के दौरान भारत में गन्ने का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन-सा था?
Ans	✓ 1. उत्तर प्रदेश ✗ 2. महाराष्ट्र ✗ 3. कर्नाटक ✗ 4. तमिलनाडु

Q.106	भारतीय संविधान की कौन-सी अनुसूची राज्य सभा में सीटों के आवंटन की रूपरेखा प्रस्तुत करती है?
Ans	✓ 1. चौथी अनुसूची ✗ 2. पांचवीं अनुसूची ✗ 3. सातवीं अनुसूची ✗ 4. छठी अनुसूची

Q.107 मौर्य साम्राज्य में जिले का प्रशासन किसकी ज़िम्मेदारी हुआ करती थी?

Ans
- ✗ 1. पुरोहित (Purohit)
- ✗ 2. कोषाध्यक्ष (Koshadhyaksha)
- ✓ 3. प्रदेशिक (Pradeshika)
- ✗ 4. युक्त (Yukta)

Q.108 अक्टूबर 2024 में, HDFC बैंक ने आधिकारिक तौर पर HDFC एजुकेशन एंड डेवलपमेंट सर्विसेज प्रा. लि. (HDFC Edu) में अपनी पूरी 100% हिस्सेदारी वामा सुंदरी इन्वेस्टमेंट्स को ₹192 करोड़ में बेचने की घोषणा की। इस लेन-देन के लिए प्रति शेयर की कीमत कितनी है?

Ans
- ✓ 1. ₹9.60 प्रति शेयर
- ✗ 2. ₹10.80 प्रति शेयर
- ✗ 3. ₹5.60 प्रति शेयर
- ✗ 4. ₹8.40 प्रति शेयर

Q.109 अनुच्छेद 36 से 51, जिनके अंतर्गत 'राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत' शामिल हैं, संविधान के किस भाग के अंतर्गत दिये गए हैं?

Ans
- ✗ 1. भाग V
- ✗ 2. भाग II
- ✗ 3. भाग III
- ✓ 4. भाग IV

Q.110 3 फरवरी 1925 को भारत में पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन किन दो स्टेशनों के बीच चली थी?

Ans
- ✓ 1. बॉम्बे वीटी और कुर्ला हार्बर
- ✗ 2. दिल्ली और आगरा
- ✗ 3. हावड़ा और रानीगंज
- ✗ 4. चेन्नई और बैंगलोर

Q.111 कौन-सा राज्य नीति का निर्देशक सिद्धांत, कार्य के लिए न्यायसंगत और मानवीय परिस्थितियों के प्रावधान पर केंद्रित है?

Ans
- ✗ 1. अनुच्छेद 50
- ✗ 2. अनुच्छेद 47
- ✗ 3. अनुच्छेद 51
- ✓ 4. अनुच्छेद 42

Q.112 काराकोरम पर्वतमाला निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में स्थित है?

Ans
- ✗ 1. दक्षिणी भारत
- ✗ 2. उत्तर-पूर्वी भारत
- ✓ 3. उत्तरी भारत
- ✗ 4. पूर्वी भारत

Q.113 1857 के विद्रोह में, महिलाओं की भूमिका के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ 1. केवल झांसी की रानी लक्ष्मीबाई ने विद्रोह में भाग लिया था।
- ✓ 2. रानी लक्ष्मीबाई और बेगम हज़रत महल जैसी महिलाओं ने प्रमुख भूमिका निभाई थी।
- ✗ 3. महिलाओं ने किसी भी स्तर पर विद्रोह में भाग नहीं लिया था।
- ✗ 4. विद्रोह में, महिलाओं को अंग्रेजों का समर्थन करने के लिए विवश किया गया था।

Q.114 भारत सरकार ने 1 जुलाई 2024 से कितने नए आपराधिक कानून लागू किए हैं?

Ans
- ✗ 1. 5
- ✗ 2. 4
- ✗ 3. 2
- ✓ 4. 3

Q.115 राजस्थान का गणगौर त्यौहार, जो देवी पार्वती को समर्पित है, कितने दिनों तक मनाया जाता है?

Ans

❌ 1. 15

✔ 2. 18

❌ 3. 21

❌ 4. 12

Q.116 दिसंबर 2024 में, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने वित्तीय क्षेत्र में जिम्मेदार और नैतिक AI (FREE-AI) अपनाने के लिए एक रूपरेखा विकसित करने हेतु आठ सदस्यीय समिति की स्थापना की। इस समिति के अध्यक्ष कौन हैं?

Ans

✔ 1. पुष्पक भट्टाचार्य

❌ 2. उर्जित पटेल

❌ 3. अरविंद सुब्रमण्यन

❌ 4. रघुराम राजन

Q.117 13 अगस्त 2024 को, कैनबरा में भारत-ऑस्ट्रेलिया समुद्री सुरक्षा वार्ता का निम्नलिखित में से कौन-सा संस्करण आयोजित किया गया था?

Ans

❌ 1. पहला

✔ 2. छठवाँ

❌ 3. तीसरा

❌ 4. चौथा

Q.118 जीएम (GM) __________ ने चेन्नई ग्रैंड मास्टर्स 2024 का खिताब जीता।

Ans

❌ 1. विदित गुजराती

❌ 2. पेंटाला हरिकृष्णा

❌ 3. प्रग्गानंधा आर

✔ 4. अरविंद चिदंबरम

Q.119 नवंबर 2024 में, RBI ने निम्नलिखित में से किस गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी का पंजीकरण प्रमाणपत्र रद्द कर दिया?

Ans

❌ 1. LIC और उल्हास इन्वेस्टमेंट लिमिटेड

✔ 2. उल्हास सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड और सीकर इन्वेस्टमेंट कंपनी लिमिटेड

❌ 3. बजाज फिनसर्व और CITI बैंक

❌ 4. CITI बैंक और LIC

Q.120 चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं उस पथ का निरूपण करती हैं, जिस पर ____________।

Ans

❌ 1. एक मुक्त प्रोटॉन गति करेगा

❌ 2. एक मुक्त इलेक्ट्रॉन गति करेगा

❌ 3. एक परिकल्पित मुक्त दक्षिणी ध्रुव गति करेगा

✔ 4. एक परिकल्पित मुक्त उत्तरी ध्रुव गति करेगा